Roll No. .......................

# MAHL–103

## आधुनिक एवं समकालीन कविता

## M. A. Hindi (MAHL–12/16)

## First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 70**

नोट : यह प्रश्न पत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

दुःख की पहली रजनी बीच
विकसता सुख का नवल-प्रभात।
एक पर्दा यह झीना-सा
छिपाये है जिसमें सुख-गात॥

अथवा

एक पीली शाम
पतझर का अटका हुआ पत्ता
शांत
मेरी भावनाओं में तुम्हारा मुखकमल
कृश म्लान हारा-सा
(कि मैं हूँ वह
मौन दर्पण में तुम्हारे कहीं ?)
वासना डूबी शिथिल पल में, स्नेह काजल में
लिए अद्‌भुत कोमलता, अब गिरा तब गिरा वह अटका हुआ आँसू
सांध्य तारक-सा अतल में।

2. आधुनिकता क्या है ? हिन्दी साहित्य के संदर्भ में इसके स्वरूप की विवेचना कीजिए।
3. निराला की सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि पर प्रकाश डालिए।
4. हिन्दी कविता के विकास में केदारनाथ सिंह के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड ‘ख’ में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

1. जयशंकर प्रसाद के काव्य में प्रकृति चित्रण।

2. महादेवी वर्मा के काव्य में गेयता।
3. प्रयोगवादी काव्य में व्यष्टि-चेतना।
4. शमरशेर बहादुर सिंह की काव्य-भाषा।
5. भारतेन्दु की कविता में राष्ट्रीय-भावना।
6. मुक्तिबोध के काव्य में समाज-बोध।
7. समकालीन हिन्दी कविता की विशेषताएँ।
8. निराला की प्रगति-चेतना।

## खण्ड—ग

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न/वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हरिऔध ने कृष्ण और राधा के चरित्र पर आधारित किस महाकाव्य की रचना की ?
2. 'रसा' उपनाम से खड़ी बोली हिन्दी के कौन कवि कविता लिखते थे ?
3. 'पेशोला की प्रतिध्वनि' कविता के रचयिता कौन हैं ?
4. भारतेन्दु युग की समय-सीमा क्या है ?
5. 'दिनकर' को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
6. पंत की किस रचना की भूमिका को छायावाद का 'मैनीफैस्टो' कहा गया है ?

   (अ) गुंजन

   (ब) लोकायतन

   (स) पल्लव

   (द) वीणा

7. 'तारसप्तक' का संपादन किसने किया था ?

(अ) अज्ञेय

(ब) मुक्तिबोध

(स) शमशेर

(द) श्रीकांत वर्मा

8. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कृति किस रचनाकार की है ?

(अ) धूमिल

(ब) दुष्यंत कुमार

(स) मुक्तिबोध

(द) नागार्जुन

9. इनमें से कौन-सी रचना महादेवी वर्मा की नहीं है ?

(अ) दीपशिखा

(ब) अनामिका

(स) नीहार

(द) सांध्यगीत

10. शमशेर बहादुर सिंह किस सप्तक के कवि हैं ?

(अ) तारसप्तक

(ब) दूसरा सप्तक

(स) तीसरा सप्तक

(द) चौथा सप्तक